तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 13.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, शनिवार 21 फरवरी 2026

10 हॉस्टल में खराब खाना परोसने पर विद्यार्थियों.....



10 मै लाडला खाटू आलै का ना गोरे का ना काले का



## खबर संक्षेप

### जिला प्रशासन का रात्रि ठहराव शामदो में 24 को

**जींद।** नगराधीश मोनिका रानी ने बताया कि 24 फरवरी को सायं 6 बजे अलेवा खंड के गांव शामदों के राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जिला प्रशासन द्वारा रात्रि ठहराव का आयोजन किया जाएगा। इस रात्रि ठहराव की अध्यक्षता डीसी मोहम्मद इमरान रजा करेंगे। इस दौरान वे अलेवा खंड के गांव शामदों में ग्रामीणों की समस्याएं सुनने और उनका समाधान करेंगे।

### जानलेवा हमला मामले में नाबालिग सहित दो दबोचे

**कैथल।** वीरवार रात जखोली अड्डा स्थित शराब ठेके के सामने हुई फायरिंग की घटना में त्वरित कार्रवाई करते पुलिस ने नाबालिग सहित 2 आरोपियों को पकड़ा है। एसपी उपासना ने बताया की अमित निवासी बलराज नगर कैथल की शिकायत अनुसार 19 फरवरी की रात वह राहुल निवासी जनकपुरी कॉलोनी कैथल की कार में ठेके जखोली अड्डा पर गया था।

### हत्या के मामले में फरार चल रहा आरोपित दबोचा

**जींद।** जिला पुलिस द्वारा अपराध एवं अवैध हथियारों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत डेटक्टिव स्टॉफ जींद की टीम ने पजांब में हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए आरोपित से दो अवैध हथियार व 11 जिंदा कारतूस भी बरामद हुए हैं। पुलिस आरोपित से पूछताछ कर रही है।

### ऑक्सीजन कॉपर पाइप चोरी के आरोपी दबोचे

**कैथल।** पूंडरी क्षेत्र स्थित मेडिकल कॉलेज में चोरी के मामले में थाना पुंडरी पुलिस के पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि यूनिकॉर्न सिक्योरिटी एंड फैसिलिटी सर्विसेज के कर्मचारी नरेश कुमार की शिकायत अनुसार सिक्योरिटी मेडिकल कालेज मुंदड़ी में लगी हुई हैं। मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन कॉपर पाइप फिटिंग और अन्य बिजली से संबंधित कार्य चल रहा था।

### रेलवे कालोनी क्वार्टर में चोरी की गुत्थी सुलझी

**जींद।** शहर थाना पुलिस ने रेलवे कालोनी में क्वार्टर का ताला तोड़ कर सोने, चांदी के जेवरात, नगदी समेत अन्य सामान चोरी करने की गुत्थी सुलझाते तीन को गिरफ्तार किया है। आरोपितों की निशानदेही पर सामान को बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपितों से पूछताछ कर रही है। शहर थाना प्रभारी दिनेश कुमार ने बताया कि रेलवे कालोनी निवासी शिवम ने गत 18 फरवरी को शिकायत दर्ज करवाई थी।

### ट्रैक्टर सब्सिडी के लिए ड्रा संपन्न, छब्बीस का चयन

**कैथल।** कृषि विभाग द्वारा अनुसूचित जाति के किसानों को ट्रैक्टर पर सब्सिडी प्रदान करने हेतु चयन प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। ड्रा एडीसी सुशील कुमार की अध्यक्षता में पारदर्शिता के साथ निकाला। एडीसी सुशील कुमार ने बताया कि योजना के तहत कुल 377 आवेदन प्राप्त हुए थे। इसमें से 26 किसान का चयन ड्रॉ के माध्यम से किया गया।

### शादी में युवती संदिग्ध हालात में लापता

**जींद।** गांव कालवा में शादी में शामिल होने गई युवती के संदिग्ध हालात में गायब होने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गांव कालवा निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत दिवस उसकी बेटी घर से गांव में ही जानकार के यहां शादी में शामिल होने गई थी।

### सूट चोरी मामले में आरोपी महिला काबू

**कैथल।** कलायत स्थित कपड़ा दुकान से सूट चोरी करने के मामले की जांच एंटी व्हीकल थेफ्ट स्टाफ प्रभारी एसआई प्रदीप कुमार की अगुवाई में एएसआई ईशम सिंह की टीम द्वारा करते हुए महिला आरोपी गांव बकलाना जिला हिसार निवासी शकुंतला को गिरफ्तार कर लिया गया।

# जींद-दिल्ली रूट पर 28 फरवरी को रेलगाड़ियों का संचालन रहेगा बाधित

## घेवरा और बहादुरगढ़ स्टेशन के बीच पुल पर स्लैब बिछाने का होगा काम, यात्रियों को उठानी पड़ेगी परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

घेवरा और बहादुरगढ़ स्टेशन के बीच पुल पर स्लैब बिछाने के काम के चलते 28 फरवरी को जींद-दिल्ली रूट पर ट्रेनों का संचालन बाधित रहेगा। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रेन नंबर 64912, ट्रेन नंबर 64915, ट्रेन नंबर 54034, ट्रेन नंबर 54031, ट्रेन नंबर 64932, ट्रेन नंबर 64931, ट्रेन नंबर 54032, ट्रेन नंबर 54035 व ट्रेन नंबर 54033 28 फरवरी को रद्द रहेगी। इसके अलावा ट्रेन नंबर 12481-12482 श्री गंगानगर एक्सप्रेस को रोहतक तक ही चलाया जाएगा। इसके अलावा ट्रेन नंबर 54036 को जींद तक चलाया जाएगा। इस कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। ट्रेन नंबर 64912 रोहतक-नई दिल्ली मेमू ट्रेन सुबह 5.40 पर जींद से चलकर बिशनपुरा हरियाणा, किनाना, जैजैवंती, जुलाना, किलाजफरगढ़, लाखनमाजरा, करैंथी, समरगोपालपुर, सांपला, बहादुरगढ़, घेवरा, मुंडका, नांगलोई, दयाबस्ती के रास्ते सुबह लगभग दस बजे नई दिल्ली पहुंचती है। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 64915 सुबह सवा दस बजे नई दिल्ली से चलकर रोहतक, समरगोपालपुर के रास्ते डेढ़ बजे जींद पहुंचती है। ट्रेन नंबर 54034 जींद-दिल्ली पैसेंजर ट्रेन जींद से दोपहर साढ़े 3 बजे चलकर रात पौने 8 बजे पुरानी दिल्ली पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 54031 दिल्ली-जींद पैसेंजर ट्रेन दोपहर बाद 12.10 पर दिल्ली से चल कर शाम 5.15 तक जींद पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 64932 रोहतक-दिल्ली मेमू दोपहर बाद तीन बजे जींद से चलकर शाम पौने सात बजे पुरानी दिल्ली पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 64931 दिल्ली-जींद मेमू शाम 6.40 के बाद पुरानी दिल्ली से चलकर रात 9.50 तक जींद पहुंचती है। ट्रेन नंबर 54032 जींद-पुरानी दिल्ली पैसेंजर ट्रेन सुबह 7.5 पर जींद से चलकर दोपहर बाद डेढ़ बजे पुरानी दिल्ली पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 54035 पुरानी दिल्ली-जाखल पैसेंजर दोपहर बाद 3.40 पर पुरानी दिल्ली से चलकर मुंडका, घेवरा, सांपला, रोहतक, किलाजफरगढ़, जुलाना के रास्ते रात लगभग पौने आठ बजे जींद पहुंचती है। यहां पांच मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन नरवाना, कालवन, टोहाना के रास्ते रात नौ बजकर 40 मिनट पर जाखल पहुंचती है। वहीं ट्रेन नंबर 54033 पुरानी दिल्ली-नरवाना पैसेंजर ट्रेन शाम पांच बजकर 25 मिनट पर पुरानी दिल्ली से चलकर रात नौ बजकर 40 मिनट पर जींद पहुंचती है। यहां पांच मिनट के ठहराव के बाद ट्रेन उचानाए घसो के रास्ते रात लगभग साढ़े 11 बजे नरवाना पहुंचती है।



### काम पूरा होने पर तय समय पर चलेंगी ट्रेन

रेलवे के प्रवक्ता अजय ने बताया कि घेवरा और बहादुरगढ़ के बीच पुल पर स्लैब बिछाने के चलते 26 से 28 फरवरी तक कुछ ट्रेन जींद-दिल्ली रूट पर रद्द रहेंगी। इसके अलावा कुछ ट्रेनों को डायवर्ट रूट से चलाया जाएगा। जैसे ही स्लैब बिछाने का काम पूरा हो जाएगा तो ट्रेन को अपने निर्धारित रूट से चलाया जाएगा।

### ये ट्रेन रहेगी डायवर्ट

इसके अलावा 26 को ट्रेन नंबर 14619 नई दिल्ली सोनीपत, गोहाना, जींद व बठिंडा के रास्ते डायवर्ट रूट से चलेगी। इस दौरान शकूरबस्ती, रोहतक, भिवानी, हिसार, मंडी आदमपुर और सिरसा व कालांवाली जंक्शन पर ट्रेन नही जाएगी। इसी प्रकार ट्रेन नंबर 15909 डिब्रूगढ़-लालगढ़ 26 को वाया दिल्ली, सोनीपत, गोहाना व जींद जंक्शन के रास्ते डायवर्ट होकर जाएगी। इस कारण दिल्ली, किशनगंज, शकूरबस्ती, नांगलोई, बहादुरगढ़ व रोहतक जंक्शन पर ट्रेन नही जाएगी। 27 को ट्रेन नंबर 16032 जींद, गोहाना, सोनीपत, दिल्ली के रास्ते डायवर्ट रूट से चलेगी। इस दौरान ट्रेन जुलाना, रोहतक, बहादुरगढ़ व शकूरबस्ती जंक्शन पर नही जाएगी।

## मौसम बदलने से न्यू बोर्न बेबी (नवजात) व छोटे बच्चे हो रहे बीमार

# बरसात के बाद बदला मौसम ठंड के बाद गर्मी का अहसास

### शुक्रवार को ओपीडी में काफी संख्या में अभिभावक बच्चों को उपचार के लिए लाए

**रात के समय तापमान में गिरावट आने से बीमार हो रहे बच्चे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पिछले दो दिनों में बदले मौसम ने नवजात व बच्चों को अपनी चपेट में ले लिया है। बारिश के चलते तापमान में एकदम से चार डिग्री की गिरावट आ गई। अचानक से मौसम बदलने से न्यू बोर्न बेबी (नवजात) व छोटे बच्चे बीमार पड़े। इन बच्चों में ज्यादातर सर्दी, जुखाम और बुखार की समस्या सामने आई। शुक्रवार को जैसे ही ओपीडी शुरू हुई तो सबसे ज्यादा भीड़ ओपीडी स्लिप में उन अभिभावकों की थी, जिनके बच्चे बदले मौसम की चपेट में आए। सर्दी, जुखाम और बुखार से संबंधित ओपीडी में 25 प्रतिशत वृद्धि हुई। ऐसे में चिकित्सकों ने सलाह दी कि बच्चों के खान- पान पर विशेष ध्यान रखें ताकि बच्चे बीमार न हों। गौरतलब है कि गत 18 फरवरी को अचानक से मौसम बदला और बारिश हुई। जिसके चलते तापमान में चार डिग्री की गिरावट आ गई। इसके बाद अगले दिन 19 फरवरी व 20 फरवरी को दिन में तेज धूप निकली। शुक्रवार को अधिकतम तापमान 26 डिग्री व न्यूनतम तापमान 13 डिग्री रहा। मौसम में आद्रता 56 प्रतिशत व हवा की गति छह किलोमीटर रही। ऐसे में दिन में धूप खिलने से बड़ो को गर्मी महसूस हो रही है। वहीं रात के समय तापमान में गिरावट आने से बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। जिससे नवजात व छोटे बच्चे सर्दी जुखाम होने की वजह से नाक जाम कि समस्या काफी ज्यादा बढ़ गई है। जिससे बच्चे को सांस लेने में समस्या होती है। ऐसे में समय-समय पर उसे भाप देना पड़ता है और नोजल ड्राप का इस्तेमाल करना पड़ता है। अभिभावकों ने ओपीडी में सर्दी, खांसी से ग्रसित मरीजों में एलर्जिक, कफ की समस्या सबसे ज्यादा देखी गई। जिला बाल रोग विशेषज्ञ डा. रघूवीर पूनिया ने बताया कि तापमान कम या ज्यादा होने से छोटे बच्चे जल्दी चपेट में आते हैं। कफ होने के बाद बच्चों लगातार खांसी आती है। ये खांसी सूखी या बलगम वाली दोनों हो सकती हैं। ऐसे में बच्चा पूरी तरह सुस्त हो जाता है। मिक्स सीजन होने की वजह से कभी ठंडी तो कभी गर्मी का असर बच्चों पर पड़ता है। इस मौसम में बड़ो को ज्यादा ठंड नहीं लगती तो उन्हें ध्यान ही नहीं रहता कि बच्चों को लग रही होगी। जिसकी वजह से लापरवाही हो जाती है और बच्चा बीमार पड़ जाता है। शुक्रवार को ओपीडी में काफी संख्या में अभिभावक अपने बच्चों को उपचार के लिए लाए।



### चिकित्सक को दिखाएं

जिला बाल रोग विशेषज्ञ डा. रघूवीर पूनिया ने बताया कि सुबह व शाम नवजात व छोटे बच्चों पर विशेष ध्यान दें, बाहर की हवा से बचाएं। दिन में धूप देखकर कम कपड़ें न पहनाएं। धूप से आने के बाद ठंडा खाना न दें। ठंडे पेय पदार्थ न दें। गुनगुना पानी से ही बच्चों को स्नान करवाएं। सुबह व शाम पीने के लिए गुनगुना पानी दें। सुबह व शाम गर्म कपड़ें अवश्य पहनाएं। अगर बच्चा सांस लेने में तकलीफ महसूस करे, बहुत थका हुआ लगेख या तेज बुखार हो तो तुरंत चिकित्सक को दिखाएं।



पूंडरी। जानकारी देते शोरूम के मालिक। फोटो :हरिभूमि

# ओएमजी इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

पूंडरी में पाई रोड स्थित नई अनाज मंडी गेट के सामने बने ओएमजी इलेक्ट्रॉनिक्स शोरूम में शुक्रवार तड़के करीब 2 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग का प्रारंभिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है। घटना के समय शोरूम में कोई मौजूद नहीं था, लेकिन देखते ही देखते आग ने पूरे परिसर को चपेट में ले लिया। पीड़ित देशराज पुत्र मेहर सिंह निवासी पूंडरी व विक्रम सिंह पुत्र गुरुदेव सिंह निवासी हाबड़ी ने बताया कि हर रोज की तरह गुरुवार की शाम को दुकान को बंद कर चले गए थे। रात को बिल्डिंग के मालिक संजय का फोन आया कि शोरूम में आग लग चुकी है। वे तुरंत मौके पर पहुंचे तो समान में भीषण आग लगी हुई थी और आग की लपटें 15 से 20 फुट ऊंची उठ रही थी। आग लगने का पता चलते ही घटना की सूचना तुरंत आपातकालीन नंबर 112 पर दी गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड पूंडरी की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची, लेकिन आग इतनी भीषण थी कि आग पर काबू पाने के लिए दो गाड़ियां कैथल व एक राजौंद से मंगवानी पड़ी। चार घण्टों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। आग पर काबू पाएं जाने तक दुकान में रखा पूरा सामान जल चुका था। करीब 10 लाख रुपये का इंटीरियर, लगभग 2 लाख रुपये की एक्सेसरी, फर्नीचर तथा अन्य सामान नष्ट हो गया। काउंटर में रखी लगभग 6.5 लाख रुपये की नकदी भी आग में जल गई। दुकान के सभी बही-खाते और जरूरी दस्तावेज नष्ट होने से व्यापार का पूरा रिकॉर्ड खत्म हो गया है। आग की तीव्रता इतनी अधिक थी कि नीचे की पूरी बिल्डिंग को नुकसान पहुंचा और ऊपर स्थित मकान में दरारें आ गईं। मकान अब रहने योग्य नहीं रहा है।

# अगर मासूम शर्मा ने माफी नहीं मांगी तो कार्यक्रम के बहिष्कार का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणवी सिंगर मासूम शर्मा और मुआना के पूर्व सरपंच राजेंद्र के बीच स्टेज विवाद ने तूल पकड़ लिया है। शुक्रवार को मुआना के ग्रामीणों ने चेताया कि अगर मासूम शर्मा ने माफी नही मांगी तो उनके कार्यक्रमों का बहिष्कार किया जाएगा। बाकायदा पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा ने मासूम को पंचायत का चुनाव लडने की चुनौती भी दी और कहा कि मासूम ने उनका अपमान किया है और चुने हुए सरपंच, विधायक और मंत्रियों के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया है। गौरतलब है कि गांव ब्राह्मणवास निवासी सिंगर मासूम शर्मा की बहन कविता शर्मा की शादी मुआना गांव निवासी धर्मबीर उर्फ धरमू से हुई है। बुधवार को उनकी 25वीं सालगिरह पर जींद के निजी होटल में कार्यक्रम आयोजित किया था। इसमें सिंगर मासूम ने पूर्व सरपंच को स्टेज से नीचे उतार दिया था। इसके बाद पूर्व सरपंच राजेंद्र शर्मा ने शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत की और अपना पक्ष रखा। राजेंद्र ने कहा कि हम जनता के चुने प्रतिनिधि हैं। अगर मासूम शर्मा को इतना ही गुमान है, तो वे एक बार गांव में पंच या मेंबर का चुनाव लड़कर देखे। मासूम शर्मा की कई बार मदद की। जब वह किसी कानूनी मामले में फंसता थाए तब उन्होंने ही बीचबचाव कर समझौता करवाया है।

### रंजिशन किया फायर बाल-बाल बचा युवक

**जींद।** सफीदों के हुडा ग्राउंड में रंजिश के चलते कुछ युवकों ने हमला कर तीन को घायल कर दिया। आरोपितों ने एक युवक पर फायर भी किया। जिसमें वह बाल-बाल बच गया। शहर थाना सफीदों पुलिस ने शिकायत के आधार पर आठ युवकों के खिलाफ जानलेवा हमला करने, शस्त्र अधिनियम समेत विभिन्न भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया है। रविदास मोहल्ला निवासी नवीन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने दोस्त रोहित, अजमुद्दीन के साथ हुडा ग्राउंड मे खा पी रहा थे। उसी दौरान डिग्गी मोहल्ला निवासी अरूण अपने साथियों के साथ पहुंचा और तीनों पर रॉड तथा डंडों से हमला कर दिया। उसी दौरान अरूण ने अपने पास मौजूद असलहा से फायर कर दिया। गोली उसके कान के पास से निकल गई। जिसमें वह बाल-बाल बच गया।

# 128 किलो गांजा के साथ तस्कर गिरफ्तार

## पकड़े गए गांजा की कीमत लगभग तीस लाख रुपये

- स्कॉर्पियो गाड़ी में रखे नौ प्लास्टिक कट्टों में भरा था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सीआईए स्टाफ सफीदों ने 128 किलो 912 ग्राम गांजा के साथ एक नशा तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्तार किए गए नशा तस्कर से नशा नेटवर्क के बारे में पूछताछ कर रही है। जुलाना थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रम ने शुक्रवार को जानकारी देते बताया कि सीआईए स्टाफ सफीदों की टीम सहायक उप निरीक्षक जलोरा सिंह के नेतृत्व में गतौली बस अड्डा क्षेत्र में गश्त कर रही थी। तभी सूचना मिली कि एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी में भारी मात्रा में गांजा लेकर एक व्यक्ति जींद की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने तुरंत नाकाबंदी कर जुलाना से जींद हाईवे पर गांव करसोला माइनर के पास जांच अभियान शुरू कर दिया। कुछ ही समय बाद संदिग्ध गाड़ी आती दिखाई दी। पुलिस द्वारा रुकने का इशारा करके मुस्तैद टीम ने घेराबंदी कर गाड़ी को चालक सहित काबू कर लिया। पुलिस पूछताछ में युवक कीपहचान गांव करसोला निवासी प्रदीप के रूप में हुई। गाड़ी की नियमानुसार तलाशी लेने पर गाड़ी की पिछली सीटों से कुल नौ प्लास्टिक कट्टों में भरा गांजा बरामद हुआ। इलेक्ट्रॉनिक कांटे से वजन करने पर कुल वजन 128 किलो 912 ग्राम पाया गया। बरामद गांजा व गाड़ी को नियमानुसार सील कर कब्जा में ले लिया गया। जुलाना थाना पुलिस ने प्रदीप के खिलाफ नशीले पदार्थ निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है।



### तुरंत पुलिस के साथ साझा करें

एसपी कुलदीप सिंह ने कहा कि जिला पुलिस मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध है। आमजन से अपील है कि नशा तस्करी संबंधी किसी भी सूचना को तुरंत पुलिस के साथ साझा करें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा।

## डीसी रेट कर्मचारियों ने एचकेआरएन पोर्टल के खिलाफ लगातार दूसरे दिन किया प्रदर्शन

# कर्मचारियों के अधिकारों का हनन बर्दाश्त नही होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पूंडरी

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन हेड ऑफिस भिवानी रजिस्ट्रेशन नंबर-292 की केंद्रीय परिषद के आह्वान पर शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन डीसी रेट कर्मचारियों की टेम्परेरी आईडी के विरोध में सब-यूनिट स्तर पर जोरदार प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अध्यक्षता सब-यूनिट नंबर-01 के उप-प्रधान सोहनलाल लाइनमैन ने की, जबकि मंच संचालन टीएल के सचिव शिवकुमार एसए ने किया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने भाग लेकर एकजुटता का परिचय दिया। अध्यक्षता करते उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा बनाए कोशल रोजगार निगम पोर्टल के खिलाफ कड़ा विरोध दर्ज करवाया। कहा कि यह व्यवस्था कर्मचारियों के हितों के विपरीत है और लंबे समय से कार्यरत कर्मचारियों की नौकरी पर संकट खड़ा कर सकती है। उनके अनुसार इस पोर्टल के माध्यम से कर्मचारियों के अधिकारों का हनन होने की आशंका है। यूनिट प्रधान जितेन्द्र बाकल ने कर्मचारियों को संबोधित करते कहा कि यूनियन किसी भी सूरत में डीसी रेट कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल के अधीन नहीं आने देगी। सरकार एवं निगम प्रबंधन की किसी भी प्रकार की जबरदस्ती को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्पष्ट किया कि यदि समय रहते कर्मचारियों की मांगों पर विचार नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।




पूंडरी। बिजली निगम में प्रदर्शन करते कर्मचारी। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सब-यूनिट नंबर-02 के प्रधान सतीश कुमार, सचिव यशपाल, सब-यूनिट नंबर-01 के सचिव सुशील कुमार, नरेश दहिया जेई, राकेश जेई, सुनील जेई, हरीकिशन संगठनकर्ता यूनिट, मनीषा, मंजू, सोनी, अनीता, अमीता, प्रियंका, सकीना, जयदीप एएफएम, नवीन वालिया, मधुसुदन कैशियर सब-यूनिट डिविजन पूंडरी एवं कर्ण सिंह एलडीसी उपस्थित रहे।

# नाबालिग से दुष्कर्म के दोषी को 20 साल कैद की सजा

- अदालत ने दोषी को एक लाख रुपये जुर्माना भी लगाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रेक अदालत ने नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने व जान से मारने की धमकी देने के दोषी को 20 वर्ष कैद व एक लाख लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जुर्माना अदा न करने पर दोषी को 6 माह का अतिरिक्त कठोर कारावास भुगतना होगा। अभियोजन पक्ष के अनुसार बहादुगढ़ निवासी एक 17 वर्षीय लड़की ने वर्ष 2024 में पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह गलती से बस में सवार होकर जींद बस अड्डे पर पहुंच गई। उसी दौरान उसे रिंकू नाम का युवक मिला। वापसी का साधन न होने के कारण रिंकू उसे किसी मास्टर के मकान पर ले गया। जहां पर रिंकू ने उसे कमरे में बंद कर उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की गई और बुरा अंजाम भुगतने की धमकी दी गई। बाद में आरोपित रिंकू उसे बस अड्डे पर छोड़ कर फरार हो गया था। किसी तरह वह अपने घर पहुंची और घटना के बारे में परिजनों को अवगत करवाया था।

## खबर संक्षेप

### आरसेटी के 10 दिवसीय कार्यक्रम का समापन

**जींद।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्व रोजगार प्रशिक्षण संस्थान जींद द्वारा आरसेटी जींद में चलाए जा रहे 10 दिवसीय प्रधानमंत्री रोजगार सृजन उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन हुआ। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम ग्रामीण विकास मंत्रालय के निर्देशानुसार चलाए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम में 23 महिलाओ व पुरुषों ने सफलतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण के उपरान्त ये उम्मीदवार बैंक से लोन लेकर अपना व्यवसाय स्थापित करेंगे प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्यअतिथि खादी ग्रामोद्योग अंबाला से मोहित कुमार मीणा ने शिरकत की।

### सीआरएसयू में आज से शुरू होगा विशेष शिविर

**जींद।** चौधरी रणबीर सिंह विवि के कुलगुरु प्रो. रामपाल सैनी के नेतृत्व दूरदर्शी मार्गदर्शन में 21 से 27 फरवरी तक सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर का शुभारंभ किया जाएगा। यह विश्वविद्यालय स्तर का कैंप है, जिसमें कुल 200 स्वयंसेवक भाग लेंगे। जिनमें 100 छात्र शामिल रहे। इस विशेष शिविर की खास बात यह है कि पूरे हरियाणा के विभिन्न विश्वविद्यालयों से एनएसएस स्वयंसेवक इसमें भाग लेंगे। इस कैंप में अलग-अलग विश्वविद्यालयों से भी स्वयंसेवक सक्रिय रूप से शामिल होंगे।

### अधिकारी ने ली योग सहायकों की मीटिंग

**जींद।** प्रतिमाह आयोजित होने वाली योग सहायकों की मासिक बैठक एवं योग प्रशिक्षण दिवस की कड़ी में जिला जींद के समस्त योग सहायकों की मासिक बैठक का आयोजन जिला आयुर्वेदिक अधिकारी जींद के कार्यालय कक्ष में किया। अध्यक्षता जिला योग कॉऑर्डिनेटर डा. योगेश ने की तथा जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. अमित ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य विषय आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में संचालित सूर्य नमस्कार प्रोजेक्ट 2026 के सफल समापन के उपरांत उसके विश्लेषण तथा प्रमुख उपलब्धियों पर विचार-विमर्श करना रहा।

### पीएम जीवन ज्योति बीमा योजना कारगर साबित

**जींद।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना तथा प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना नागरिकों के लिए कारगर सिद्ध हो रही है। इन योजनाओं के फार्म प्रत्येक बैंक व डाकघर में उपलब्ध हैं। इन योजनाओं में निर्धारित वार्षिक प्रीमियम जमा करवा कर दो लाख रुपये तक का बीमा होता है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने प्रत्येक बैंक उपभोक्ता को जीवन सुरक्षा बीमा योजना का लाभ देने के लिए दो स्कीम चलाई हुई हैं।

### संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक

**जींद।** संयुक्त निर्माण मजदूर मोर्चा की बैठक जोगिंद्र ईगराह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें सर्वसम्मति से फैसला लिया गया है कि 22 फरवरी को जींद में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा के आवास पर दोबारा भारी संख्या में निर्माण मजदूर एकत्र होंगे और अपनी मांगों पर स्पष्ट जवाब मांगेंगे। यदि 22 फरवरी तक भी कोई सकारात्मक समाधान नहीं निकला तो 28 फरवरी को अंबाला कैंट में श्रम मंत्री अनिल विज के आवास पर प्रदेश भर के निर्माण मजदूरों का आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा।

### विवि में एक दिवसीय शिविर का आयोजन

**जींद।** विवि के कुलगुरु प्रो. राम पाल सैनी के नेतृत्व में राष्ट्रीय सेवा योजना की फोर्थ यूनिट द्वारा गांव निर्जन में दिवसीय विशेष शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस एक दिवसीय शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण तथा सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देना था। शिविर के अंतर्गत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान चलाया। सार्वजनिक स्थलों की सफाई की। प्लास्टिक मुक्त अभियान का संदेश तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु पौधारोपण भी किया।

# जींदः समाधान शिविर में मिली 10256 में से 8545 शिकायतों का निपटारा

## *समाधान शिविर में पहुंची प्रत्येक समस्या का मौके पर ही हो समाधान : अतिरिक्त उपायुक्त*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप कुमार ने शुक्रवार को लघु सचिवालय के सभागार में संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि समाधान शिविर में आने वाली प्रत्येक समस्या का यथासंभव मौके पर ही समाधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी अपनी जनसुनवाई व्यवस्था को और मजबूत करें तथा समाधान शिविर के अतिरिक्त प्रतिदिन कम से कम दो घंटे अपने कार्यालय में बैठ कर आम नागरिकों की समस्याएं सुनें और उनका समाधान करें। उन्होंने कहा कि कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहे बल्कि उसका परिणाम धरातल पर दिखाई देना चाहिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने बताया कि वे स्वयं समाधान शिविरों के दौरान लंबित मामलों की विस्तृत समीक्षा करेंगे और आवश्यकता पडऩे पर शिकायतकर्ता से सीधे फोन पर बात कर उनकी समस्या की पूरी जानकारी लेंगे। बताया कि जिले में अब तक प्राप्त कुल 10256 शिकायतों में से 8545 का सफलतापूर्वक समाधान किया जा चुका है। 145 शिकायतों पर कार्यवाही जारी है। दोबारा खोली गई शिकायतों के कारणों की भी गंभीरता से जांच की जा रही है ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने। सभी शिकायतों का निपटारा शिकायतकर्ता की संतुष्टि के बाद ही किया जाएगा। समाधान शिविर में प्राप्त शिकायतों की प्रगति की समीक्षा प्रत्येक शुक्रवार को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा स्वयं अथवा उनके कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों के माध्यम से की जाती है। इसी क्रम में वरिष्ठ अधिकारी मोहम्मद शाइन ने समीक्षा की। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के बाद एडीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि नागरिकों की समस्याओं को संवेदनशीलता के साथ सुनकर उनका शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। सरकार के निर्देशानुसार जिला मुख्यालय तथा उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं जहां लोगों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जा रहा है।



**जींद।** बैठक करते हुए एडीसी। *फोटो :हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

जिला प्रशासन का प्रयास है कि नागरिकों को बिजली, पेयजल सहित सभी मूलभूत सुविधाएं समय पर और पर्याप्त रूप से उपलब्ध हों। सभी अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि वे आमजन की समस्याओं को प्राथमिकता दें और तय समय सीमा में उनका समाधान करें। एसडीएम सत्यवान मान, डीएमसी सुरेंद्र सिंह, सीटीएम मोनिका, डीडीपीओ संदीप भारद्वाज, सीएमजीजीए कल्याणी सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



**जींद।** प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते डा. संजय कुमार।

# आत्महत्या की रोकथाम के प्रति जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

राजकीय महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ सदस्यों के लिए छात्रों के कल्याण और आत्महत्या रोकथाम के लिए मनोवैज्ञानिक प्राथमिक उपचार विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम नेशनल टास्क फोर्स के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों के मानसिक स्वास्थ्य संरक्षण तथा आत्महत्या की रोकथाम के प्रति जागरूकता और संवेदनशीलता बढ़ाना था।

कार्यक्रम के मुख्य संसाधन व्यक्ति के रूप में गुरु जंभेश्वर यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी हिसार से डा. संजय ने मनोवैज्ञानिक प्राथमिक सहायता की अवधारणा, आवश्यकता एवं व्यवहारिक पक्षों पर विस्तार से प्रकाश डाला। बताया कि शैक्षणिक संस्थानों में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी विद्यार्थियों के व्यवहार में आने वाले सूक्ष्म परिवर्तनों को पहचान कर समय रहते उचित मार्गदर्शन दे सकते हैं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में नागरिक अस्पताल जींद की सीएमओ डा. सुमन कोहली उपस्थित रही। उन्होंने विद्यार्थियों में बढ़ते मानसिक तनाव, अवसाद एवं सामाजिक दबावों के प्रभाव पर चिंता व्यक्त करते कहा कि समय पर परामर्श एवं सहानुभूतिपूर्ण संवाद से अनेक गंभीर परिस्थितियों को रोका जा सकता है। सामाजिक संगठन पहला कदम फाउंडेशन से राजेश वशिष्ठ ने युवाओं के मानसिक स्वास्थ्य संवर्धन हेतु चलाए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी तथा संस्थागत सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डा. प्रेम पूनम एवं डा. सुमन खर्ब ने प्रशिक्षण के उद्देश्यों और रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से स्टाफ सदस्यों को विद्यार्थियों की भावनात्मक एवं मनोवैज्ञानिक आवश्यकताओं को समझने में सहायता मिलती है।

## आरोप: चीफ वार्डन समस्या को गंभीरता से लेने के बजाय ठेकेदार की पैरवी कर रहा

# हॉस्टल में खराब खाना परोसने पर विद्यार्थियों ने जताया विरोध

## कई बार समस्या को अधिकारियों के संज्ञान में लाया लेकिन हर बार आश्वासन

**मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाने का ऐलान किया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में हॉस्टल में लगातार खराब, घटिया और अस्वास्थ्यकर भोजन परोसे जाने से परेशान छात्रों ने किसान छात्र एकता संगठन एवं इंडिपेंडेंट युथ फ्रंट के संयुक्त नेतृत्व में चीफ वार्डन के कार्यालय में लगभग डेढ़ घंटे तक उन्हें घेरने का काम किया। छात्रों का कहना है कि लंबे समय से उन्हें ऐसा भोजन दिया जा रहा है, जो उनके स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक है और उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ है। फिर भी संबंधित ठेकेदार पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। छात्र नेता अभिषेक जुलाना ने आरोप लगाया कि चीफ वार्डन छात्रों की समस्याओं को गंभीरता से लेने के बजाय ठेकेदार की पैरवी करते नजर आते हैं। भोजन की खराब गुणवत्ता पर ठोस कार्रवाई करने के बजाय प्रशासन का ध्यान हमेशा छात्रों पर कार्रवाई करने और उन्हें दबाने पर रहता है। जबकि मूल समस्या के समाधान की दिशा में कोई ईमानदार प्रयास नहीं किया जाता। किसान छात्र एकता संगठन के प्रधान गोविन्द सैनी ने कहा कि छात्रों को स्वच्छ, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन देना विवि प्रशासन की जिम्मेदारी है। संगठन ने कई बार विषय को अधिकारियों के संज्ञान में लाया लेकिन हर बार केवल आश्वासन ही मिला।


**जींद।** चीफ वार्डन से बातचीत करते छात्र। *फोटो :हरिभूमि*

**ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की मांग**

उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि शीघ्र ही ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई कर भोजन व्यवस्था में सुधार नही किया गया तो आंदोलन को मजबूती से आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं इंडिपेंडेंट युथ फ्रंट के प्रधान अमित आदिवाल ने कहा कि छात्र हमेशा शांतिपूर्ण और लोकतांत्रिक तरीके से अपनी बात रखते आए हैं लेकिन जब लगातार अनदेखी होती है तो उन्हें मजबूरन आंदोलन का रास्ता अपनाना पड़ता है। उन्होंने चेताया कि यदि खाने की समस्या का स्थायी और पारदर्शी समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में व्यापक स्तर पर विरोध प्रदर्शन किए जाएंगे। जिसकी पूरी जिम्मेदारी विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।


**जुलाना।** बिजली निगम कार्यालय में नारेबाजी करते कर्मचारी। *फोटो :हरिभूमि*

### बिजली कर्मियों ने की सरकार के खिलाफ नारेबाजी

**जुलाना।** बिजली निगम सब डिवीजन कार्यालय में एचएसईबी वर्कर यूनियन द्वारा गेट मीटिंग का आयोजन किया। मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते मांगों को प्रमुखता से उठाया। जुलाना स्थित बिजली कार्यालय के प्रांगण में आयोजित इस गेट मीटिंग में यूनियन के पदाधिकारियों और कर्मचारियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। मीटिंग को संबोधित करते हुए यूनियन के सचिव मनोज ने कहा कि निगम के डायरेक्ट रोल पर कार्यरत कर्मचारियों को एचकेआरएन पोर्टल पर पंजीकृत करने की बजाय एचआरएमएस पोर्टल पर पंजीकरण किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एचआरएमएस पोर्टल पर पंजीकरण से कर्मचारियों को नियमित कर्मचारियों के समान अधिकार और सुविधाएं मिल सकेंगी तथा उन्हें स्थायी नौकरी की सुरक्षा भी प्राप्त होगी। इसके अतिरिक्त भविष्य में कर्मचारियों को पक्का किए जाने के रास्ते भी खुले रहेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले लगभग दस वर्षों से निरंतर सेवा दे रहे कच्चे कर्मचारियों को नियमित करने के संबंध में माननीय हाईकोर्ट द्वारा हरियाणा सरकार को निर्देश दिए जा चुके हैंए लेकिन सरकार ने अब तक इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाया है। इससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है।

# वेदांता स्कूल के 8 छात्रों ने पास किया जेईई एग्जाम

*मन्नत ने 98.42% प्राप्त कर स्कूल में प्रथम स्थान पाया*

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद


यशस्वी


मन्नत


नवप्रीत

वेदांता इंटरनेशनल स्कूल कलोदा खुर्द ने फिर शैक्षणिक उत्कृष्टता का परिचय देते जेईई परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय के कुल आठ होनहार विद्यार्थियों ने प्रतिष्ठित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा को उत्तीर्ण कर न केवल परिवार और विद्यालय का बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्रा मन्नत ने 98.42% प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। यशस्वी ने 97.3 %, नवप्रीत ने 96.96 %, अंतरा ने 95.00 %, नसीब ने 93.84 %, छवि ने 92.76 %, वंशिका ने 90.23 % तथा अर्पिता ने 89 % अर्जित कर अपनी कड़ी मेहनत और लगन का परिचय दिया। इन परिणामों ने यह सिद्ध कर दिया है कि वेदांता इंटरनेशनल स्कूल में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सशक्त मार्गदर्शन एवं प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण प्रदान किया जाता है। विद्यालय में नियमित टेस्ट सीरीज, विषय विशेषज्ञों द्वारा अतिरिक्त कक्षाएं, डाउट सेशन, व्यक्तिगत मेंटरशिप तथा समय-समय पर मोटिवेशनल सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। जिससे विद्यार्थी आत्मविश्वास के साथ राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं का सामना कर सकें। विद्यालय में इस उपलब्धि पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया । जिसमें सफल विद्यार्थियों का पुष्पगुच्छ व सम्मान पत्र देकर अभिनंदन किया गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं समर्पण की सराहना की। प्राचार्या वीणा दारा ने अवसर पर कहा कि हमारे विद्यार्थियों की यह सफलता उनके अथक परिश्रम, शिक्षकों की समर्पित मेहनत और अभिभावकों के सहयोग का संयुक्त परिणाम है। हमारा उद्देश्य केवल अच्छे अंक दिलाना नही बल्कि विद्यार्थियों में तार्किक सोचए आत्मविश्वास और लक्ष्य के प्रति प्रतिबद्धता विकसित करना है। हमें गर्व है कि हमारे विद्यार्थी राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर प्रदीप नैन ने सभी सफल विद्यार्थियों एवं उनके अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वेदांता इंटरनेशनल स्कूल हर वर्ष उत्कृष्ट परिणाम दे रहा है। हम न केवल जेईई बल्कि एनडीए एवं अन्य प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में भी शानदार उपलब्धियां प्राप्त कर रहे हैं।

# निकासी व्यवस्था की जांच के लिए पहुंचा प्रशासनिक अमला

हरिभूमि न्यूज ⏭ जुलाना

जुलाना कस्बे के मुख्य बाजार में निकासी व्यवस्था को लेकर लंबे समय से चल रही शिकायतों के बाद शुक्रवार को प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और स्थिति का जायजा लिया। बाजार के दुकानदारों का कहना है कि पानी की उचित निकासी न होने के कारण बरसात या नालियों के ओवरफ्लो होने पर दुकानों के आगे गंदा पानी जमा हो जाता है। जिससे ग्राहकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। कई बार संबंधित विभागों को शिकायत देने के बावजूद समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। शुक्रवार को पंचायती राज विभाग और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जुलाना बाजार पहुंचे। निरीक्षण के दौरान नगरपालिका के अधिकारियों को भी मौके पर बुलाया गया ताकि समस्या का संयुक्त रूप से समाधान निकाला जा सके। अधिकारियों ने बाजार की मुख्य नालियों, गलियों और पानी के बहाव की दिशा का बारीकी से निरीक्षण किया। दुकानदारों से भी बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनी गईं। जांच के दौरान सामने आया कि जुलाना बाजार के मुख्य हिस्से में निकासी व्यवस्था सामान्य रूप से काम कर रही है और वहां कोई बड़ी तकनीकी खामी नहीं पाई गई। हालांकि निरीक्षण में यह स्पष्ट हुआ कि बाजार से सटे जिस क्षेत्र का संबंध शादीपुर गांव से है। वहां निकासी की उचित व्यवस्था नहीं है।



## पुरानी अनाज मंडी में श्री श्याम विशाल जागरण में कन्हैया मित्तल के गीतों पर झूमे श्रद्धालु

# मै लाडला खाटू आलै का ना गोरे का ना काले का

हरिभूमि न्यूज ⏭ उचाना

पुरानी अनाज मंडी में श्री श्याम विशाल जागरण का आयोजन श्री श्याम परिवार उचाना मंडी द्वारा आयोजित किया। पूरी रात भजन सम्राट कन्हैया मित्तल के श्याम के भजनों पर श्रद्धालु झूमे। भजन गायक हर्ष गोयल कुरूक्षेत्र, श्याम लाडली पावनी खुराना कुरूक्षेत्र ने भी गीत प्रस्तुत किए। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रमुख समाज सेवी ओमप्रकाश भौंगरा, साहिल कौशिक पहुंचे। भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री के किसी कार्य से बाहर होने के चलते उनकी पत्नी सुषमा अत्री भी पहुंची। एसडीएम उचाना दलजीत सिंह प्रमुख लोग के साथ-साथ क्षेत्र भर से भारी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। महिलाओं की संख्या अधिक रही। कन्हैया मित्तल ने तु कृपा कर बाबा कीर्तन करवाऊंगा, तेरा सालासर दरबार तनै पूजा सारा संसार मनै अच्छा लागै है, मै लाडला खाटू आलै का ना गोरे का ना काले का, खाटू आलै श्याम तेरा चर्चा होरया सै, उचाना वालो ने श्री श्याम दरबार सजया है गीत पर श्रद्धालु खूब झूमे। पंडाल श्रद्धालुओं की भीड़ के चलते छोटा पड़ गया। पूरी रात श्री श्याम बाबा के गीतों पर श्रद्धालु झूमते रहे। श्रद्धालुओं को किसी तरह की परेशानी न हो इसको लेकर पुख्ता प्रबंध जागरण आयोजकों एवं प्रशासन द्वारा किए गए थे। मेन दरबार से पूजा-अर्चना कर श्रद्धालु पंडाल में आ रहे थे। जागरण में आने वाले हर रास्ते को लाइटों के साथ-साथ भव्य रूप से सजाया गया। जागरण के आस-पास मेले जैसा नजारा नजर आ रहा था। यहां पर लगे स्टॉलों पर श्रद्धालुओं ने बच्चों के लिए खेल-खिलौने की खरीदारी भी की। नंदीशाला उचाना कमेटी द्वारा व्यवस्था बनाने में विशेष सहयोग दिया। जागरण में पहुंचे एसडीएम उचाना दलजीत सिंह मंच पर मौजूद थे।


**जींद।** महिलाओं के साथ खाटू श्याम के गीतों पर झूमते भाजपा नेत्री सुषमा अत्री।

**मंदिर निर्माण कमेटी को 11 लाख दिए**

भजन सम्राट कन्हैया मित्तल से उचाना में बन रहे खाटू श्याम मंदिर कमेटी द्वारा सहयोग देने की मांग की तो कन्हैया मित्तल ने कहा कि वो यहां साढ़े पांच लाख रुपए में आए है वो राशि वापिस मंदिर कमेटी को देने के साथ-साथ साढ़े पांच लाख रुपए और अपनी तरफ से देने की घोषणा करने के साथ कहा कि जब मंदिर निर्माण पूरा होगा तो वो उचाना खाटू श्याम के मंदिर में जाएंगे। प्रवीण, अनिल, पंकज, अन्नू, सोनू, राकेश, शुभम, शिवम, ध्रुव, सुशील, आनंद, आकाश मित्तल, अंकित बंसल, सचिन, विकास, अजय शर्मा, प्रवीण, सुमित सिंगला, अशोक, गौरव, संयम, कविता, आरती, पूजा, ओमपति, ऊषा, रानी, प्रीति, रीतू, सोनिया आदि मौजूद रहे।

### मोटिवेशनल मूवी का आयोजन

**जींद।** मोतीलाल नेहरू पब्लिक विद्यालय की सैपलिंग शाखा में प्री नर्सरी से प्रथम कक्षा तक के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से एक आनंदमय मूवी थिएटर गतिविधि का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य छोटे बच्चों को एक खुशहाल और उत्साहपूर्ण अनुभव प्रदान करना था। विद्यालय परिसर में ही आकर्षक थिएटर जैसा वातावरण तैयार किया गया। कक्षाओं को रंग बिरंगे गुब्बारों, सुंदर पोस्टरों और बच्चों के प्रिय कार्टून पात्रों से सजाया गया। जिससे पूरा वातावरण उत्सवमय और रोमांचक बन गया। बच्चों ने अनुशासनपूर्वक बैठ कर कार्टून के साथ-साथ एक प्रेरणादायक मूवी का आनंद लिया। जिससे वे अत्यंत प्रसन्न और उत्साहित दिखाई दिए। इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ आनंदमय पल देना था। विद्यालय समय-समय पर इस प्रकार की रचनात्मक गतिविधियों का आयोजन करता रहता है। जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके। ऐसी गतिविधियां बच्चों में जीवन कौशल, वास्तविक जीवन से जुड़ी जागरूकता तथा नई चीजें सीखने की उत्सुकता को बढ़ाती हैं। सैपलिंग शाखा की कोऑर्डिनेटर पूजा पसरीजा की निगरानी में यह संपूर्ण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

### चोरी के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**जींद।** सीआईए स्टाफ जींद ने मकान में हुई चोरी की वारदात का सुलझाते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों की पहचान गांव चंदड कलां (टोहाना) निवासी रवि उर्फ चांद व गांव भोडी (टोहाना) निवासी निर्मल के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से एक लाख 78 हजार रुपये बरामद भी बरामद किए हैं। सीआईए स्टाफ जींद के इंचार्ज मनीष कुमार ने शुक्रवार को बताया कि नरवाना स्थित सीआईए वाली गली निवासी ललित शर्मा ने गत सात जनवरी को पुलिस को दी शिकायत मे बताया था कि वह कार्यवश परिवार समेत बाहर गया हुआ था। पीछे से चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर पांच तोले सोने के जेवरात, नौ तोले चांदी के जेवरात तथा तीन लाख 80 हजार रुपये की नगदी को चोरी कर लिया। घटना का उस समय पता जब वे बाहर से लौटे मकान का ताला टूटा हुआ था। घर को खंगाला गया था और सामान अस्त-व्यस्त पड़ा हुआ था।

## खबर संक्षेप



### साइबर जागरूकता पर सभा आयोजित

**सीवन।** नगर के पीएम राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शुक्रवार को प्रातःकालीन सभा के दौरान साइबर सुरक्षा एवं कानूनी जागरूकता विषय पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में लीगल लिटरेसी सेल की इंचार्ज डॉ. भूपिंद्र कौर ने छात्राओं को सुरक्षित डिजिटल नागरिक बनने के लिए जानकारी प्रदान की। डॉ. भूपिंद्र कौर ने कहा कि इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया और ऑनलाइन सेवाओं ने हमारे जीवन को सरल, तेज और सुविधाजनक बना दिया है, लेकिन डिजिटल प्रगति के साथ साइबर अपराध जैसी गंभीर चुनौतियाँ भी तेजी से बढ़ी हैं।

### पीएमश्री स्कूल में वार्षिक उत्सव संपन्न

**राजौंद।** गांव सोंगल के पीएम स्कूल में विभागीय निर्देशानुसार दो दिवसीय वार्षिक उत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। उत्सव के पहले दिन वीरवार को खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ विद्यालय के प्राचार्य रमेश राविश तथा गांव की सरपंच मीना कुमारी ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान एसएमसी प्रधान गुरुनाम सहित अन्य गणमान्य लोग भी मौजूद रहे। खेलकूद प्रतियोगिताओं में कक्षा 6 से 8 तथा 9 से 12 तक के छात्रों को दो वर्गों में विभाजित किया गया।

### धान घोटाले की सीबीआई जांच कराने की मांग

**पाई।** भाकियू के राष्ट्रीय सलाहकार अजीत सिंह हाबड़ी, कार्यकारी अध्यक्ष बलवान पाई, भुरा राम आदि ने बताया कि सारे प्रदेश में धान घोटाला हुआ है, परन्तु जांच केवल करनाल जिले तक ही सिमट कर रह गई है। उन्होंने कहा कि कुछ जिलों के मार्केट कमेटी सचिव चार्जशीट करके सरकार ने वहां की जांच दबा दी गई। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा कह रहे हैं कि कोई धान घोटाला हुआ ही नहीं। यदि नहीं हुआ तो करनाल जिले में क्या है। उन्होंने कहा कि यदि जांच पुरे हरियाणा में होती है तो यह सबसे बड़ा घोटाला सामने आयेगा। उन्होंने कहा कि इस घोटाले से किसानों को भारी नुक्सान हुआ है।

### 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' पर किया जागरूक

**राजौंद।** गांव नरवल में 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। डॉ. फरमान अली ने मौजूद लोगों को बेटियों के महत्व, उनकी शिक्षा और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। उन्होंने समाज में बेटियों को समान अवसर देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने मिलकर अभियान को सफल बनाने की शपथ भी ली। इस दौरान एमपीएचडब्ल्यू पूजा रानी ने गर्भवती एवं स्तनपान कराने वाली महिलाओं को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी।

---

### कर्मचारियों की नियुक्ति से बदलेंगे शहर के हालात, वार्डों में सफाई व्यवस्था होगी दुरुस्त

# नगर परिषद ने सफाई के लिए लगाया 160 कर्मचारियों का टेंडर,एजेंसी ने मांगे 57 लाख

तीन फरवरी को लगाया गया था टेंडर, नप चेयरमैन के पत्र के कारण दो दिन पहले शुरू हुई टेंडर प्रक्रिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

नगर परिषद की तरफ से तीन फरवरी को शहर में सफाई करने के लिए 160 कर्मचारियों को लगाने के लिए टेंडर लगाया था। इसे 11 फरवरी को खोलना था, लेकिन दो दिन पहले ही इसे खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई थी। चार एजेंसियों ने टेंडर लेने के लिए आवेदन किया हुआ था। टेंडर खोलने के बाद तकनीकी रूप से एजेंसियों के कागजातों की जांच की गई। चार में से तीन एजेंसियों के कागजात सही नहीं मिले और एक एजेंसी सभी शर्तें पूरा कर रही थी। ऐसे में मंगलवार को सुबह के समय नप की तकनीकी शाखा की तरफ से टेंडर रिकाल करने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी। इसके बाद नप चेयरपर्सन की तरफ से नप एक्सईएन के नाम एक पत्र जारी किया गया। इसमें लिखा है कि शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार और जनहित को देखते हुए टेंडर जल्द से जल्द खोला जाना चाहिए। इसके बाद नप ने रिकाल करने की प्रक्रिया को रद करके इसे खोलने की प्रक्रिया शुरू कर दी।

अब नप की तरफ से एक एजेंसी को ही वर्क आर्डर देने की तैयारी की जा रही है। नप ने इस कार्य के लिए 54 लाख रुपये तय किए थे, लेकिन एजेंसी ने इस काम के लिए 57 लाख रुपये मांगे हैं। हालांकि अभी नप अधिकारियों की टीम एजेंसी से बातचीत कर पैसे भी कम करवाने का प्रयास करेगी। अगर टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद संबंधित एजेंसी को वर्क आर्डर जारी किया जाता है तो 160 सफाई कर्मचारियों को रोजगार मिल जाएगा। करीब 15 दिनों से 160 सफाई कर्मचारी बेरोजगार हैं। इनके लिए नगर परिषद की सफाई यूनियन की तरफ से प्रदर्शन किया गया था। इसके बाद नप ने तीन महीने के लिए कर्मचारियों को ठेका पर लगाने के लिए टेंडर प्रक्रिया शुरू कर दी थी। बता दें कि इन सभी 160 सफाई कर्मचारियों को शहर के 31 वार्डों में बांटा गया था। अब कर्मचारी ना होने से शहर में सफाई व्यवस्था भी प्रभावित हो रही है। पार्षद और यूनियन भी मांग कर रहे थे कि जल्द से जल्द से कर्मचारियों को काम दिया जाए।

#### एस्टीमेट तैयार कर मुख्यालय भेजी हुई है फाइल

नगर परिषद की तरफ से शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर पांच साल में 29 करोड़ रुपये खर्च करने का प्लान तैयार किया हुआ है। नप की तकनीकी शाखा ने पूरा प्लान तैयार करके मुख्यालय के पास फाइल भेजी हुई है। इसमें एजेंसी को पांच साल का ठेका दिया जाएगा। इसके तहत शहर में सफाई व्यवस्था के लिए 216 कर्मचारी लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त एक रोड स्वीपिंग मशीन भी लगाई जाएगी। मुख्यालय से मंजूरी मिलने के बाद नगर परिषद की तरफ से अंतिम प्रक्रिया शुरू की जाएगी। अगर यह टेंडर लग जाता है तो शहर की हर गली में सफाई कर्मचारी नियुक्त किए जाएंगे। खाली प्लाट और सार्वजनिक स्थानों पर भी सफाई को सुधारा जा सकेगा। इस टेंडर के अलावा डोर टू डोर एजेंसी का कार्य भी अलग से जारी रहेगा। इस समय नप के पास 257 सफाई कर्मचारी हैं। बता दें कि पिछले साल स्वच्छता सर्वेक्षण की परीक्षा में नगर परिषद बुरी तरह से पिछड़ गई थी। ऐसे में रैंकिंग को सुधारने के लिए नगर परिषद की तरफ से प्रयास किया जा रहा है।

#### महेंद्र बिड़लान, ब्लाक प्रधान, नगर पालिका कर्मचारी संघ

वार्डों में सफाई का कार्य करने वाले 160 कर्मचारी अभी घर बैठे हैं। नप जल्द से जल्द एजेंसी को वर्क आर्डर देकर कर्मचारियों को रोजगार दे। कर्मचारी संघ ने कर्मचारियों के रोजगार के लिए धरना भी दिया था। उनकी मांग है कि जल्द से जल्द कर्मचारियों को काम पर लौटाया जाए।

#### सुरभि गर्ग, चेयरपर्सन, नगर परिषद, कैथल

वार्डों में सफाई के लिए लगाए गए 160 कर्मचारियों का ठेका पूरा हो गया था। दोबारा से तीन महीने के लिए ठेका देने के लिए टेंडर प्रक्रिया की गई थी। इसके लिए नप अधिकारियों को पत्र लिखा गया था कि जनहित में जल्द से जल्द टेंडर खोला जाए। टेंडर खुलने से शहर में सफाई व्यवस्था में सुधार और कर्मचारियों को भी फायदा होगा।

---

### अतिरिक्त उपायुक्त की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# हादसों की रोकथाम के लिए करवाएं सड़कों की मरम्मत

अधिकारी जिले में सड़क किनारे झाड़ियों को हटवाने के लिए करें कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि कैथल शहर में जरूरत अनुसार अपराध एवं सड़क हादसे रोकने के लिए लगाए जाने वाले सीसीटीवी कैमरों को लेकर डीएमसी की अगुवाई में पुलिस की संयुक्त टीम जल्द से जल्द रिपोर्ट तैयार करे। इस रिपोर्ट के आधार पर नगर परिषद कैथल संबंधित प्वाइंटस पर सीसीटीवी कैमरे लगवाए, ताकि सड़क हादसों को रोकने सहित आपराधिक घटनाओं की जांच में मदद मिल सके। पुलिस इन कैमरों की मदद से ऑनलाइन चालान जैसी कार्रवाई करते हुए यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित कर पाएगी। इसके अलावा वन विभाग के अधिकारी जिले भर की सड़कों के किनारे उग आई झाड़ियों की कटाई-छंटाई सुनिश्चित करें। ताकि वे हादसों का कारण न बनें। लोक निर्माण विभाग के अधिकारी सड़कों की मरम्मत एवं नवनिर्माण के कार्य को तय सीमा में पूरा करवाएं। इसके अलावा चौक-चौराहों पर खराब पड़ी रेड लाइट की रिपोर्ट तैयार करते हुए शहरी निकाय अधिकारी इन्हें ठीक करवाएं।



**कैथल।** अधिकारियों को दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सुशील कुमार। फोटो : हरिभूमि

#### यातायात व्यवस्था को रखें दुरुस्त

एडीसी डॉ. सुशील कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की जिला स्तरीय बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने बैठक में एजेंडे में शामिल सभी बिंदुओं पर एक-एक करके चर्चा की तथा अधिकारियों से पूर्ण फीडबैक ली। एडीसी ने कहा कि जिला में दुर्घटनाओं को रोकना हम सबकी साझी जिम्मेदारी है और इन सभी कार्यों को सामाजिक तौर पर प्राथमिकता से करें। कार्यों में कहीं भी लापरवाही न बरतें। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे सभी चौकों पर यातायात व्यवस्था को सुचारू रखें, कहीं भी जाम जैसी स्थिति पैदा न होने दें। ड्यूटी पर लगे पुलिस कर्मचारी अलर्ट होकर कार्य करें। बिना हेल्मेट व सीट बैलेट के लिए आमजन को जागरूक करें और नियमों का पालन न करने वालों पर कार्रवाई करते हुए चालानिंग की जाए। उन्होंने आरटीए को निर्देश दिए कि वे स्कूल बसों की चैकिंग को निरंतर जारी रखें।

#### नेशनल हाईवे पर लगाएं साइन बोर्ड

एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़कों के दुरुस्तीकरण कार्य में गति लाएं। विभाग से संबंधित जो-जो बिंदू एजेंडे में शामिल है, उन पर कार्रवाई अमल में लाई जाए। एडीसी ने कैथल-चीका रोड, कैथल-करनाल रोड, ब्राह्मणीवाला, तितरम मोड से कैथल, राजौंद में निर्माणाधीन सड़क, गांव कौल की सडक, पूंडरी-काकौत रोड, खनौरी बाईपास रोड, पूंडरी-पाई रोड, नजदीक शहीद उधम सिंह पार्क रोड, नजदीक सिग्नस अस्पताल अंबाला रोड आदि स्थानों पर सड़कों पर हुए गड्ढों व सड़कों के नवनिर्माण को लेकर चल रही कार्रवाई की रिपोर्ट ली। उन्होंने कहा कि यदि इन स्थानों पर कहीं काम चल रहा है तो वहां पर कार्य में गति लाएं। उन्होंने नेशनल हाईवे पर अवैध कटों को बंद करने, स्पीड लिमिट बोर्ड व अन्य साइन बोर्ड लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने सुरक्षित स्कूल वाहन नीति के तहत जारी निर्देशों का भी गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए।

#### ये रहे मौजूद

साथ ही एजेंडे में शामिल सभी बिंदूओं पर संबंधित विभागों को काम पूरा करके एटीआर आरटीए कार्यालय में देने के निर्देश जारी किए। उन्होंने कहा कि हादसे रोकना हम सभी की जिम्मेदारी है। यदि किसी हादसे में किसी व्यक्ति की जान चली जाती है तो उस परिवार की क्षति को कभी पूरा नहीं किया जा सकता। इसलिए हम सभी को हादसों को रोकने के लिए एक टीम की तरह मिलकर काम करना चाहिए।

इस मौके पर जिला परिषद के सीईओ सुरेश राविश, आरटीए गिरिश कुमार, डीएमसी कपिल शर्मा, एसडीएम कैप्टन प्रमेश सिंह, डीएसपी सुशील प्रकाश, जीएम रोडवेज कमलजीत चहल, सीएमओ रेणू चावला, डीईओ सुभाष, डीआईपीआरओ नसीब सिंह सैनी सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

---

### नायब सरकार का बजट विकासकारी, लाभकारी व हितकारी होगा : अशोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष अशोक गुर्जर ने कहा कि नायब सरकार द्वारा पेश किया जाने वाला 2026-27 बजट हरियाणा की जनभावनाओं के अनुरूप विकासकारी, लाभकारी, हितकारी बजट होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी 24 घंटे जनता के बीच में रहकर लोगों की समस्याओं का निदान करने के साथ हर वर्ग को साथ लेकर चल रहे है। प्रदेश की जनता मुख्यमंत्री की मुस्कुराहट की मुरीद हो गई है। उन्होंने कहा कि आज विपक्ष के पास सरकार के खिलाफ बोलने के लिए कोई भी ठोस मुद्दा ना होने के कारण जनता के भ्रमित करने में लगा हुआ है, लेकिन प्रदेश की जनता विपक्ष के किसी बहकावे में नहीं आऐगी। गत दिनों हुए निकाय चुनाव में जनता का विपक्ष का पूरी तरह से सफाया करते हुए हरियाणा के हर वार्ड में कमल का फूल खिलाने का काम करेगा।

### बनवाला खाप का दसवां महासम्मेलन 1 को अटेला में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

बनवाला खाप का दसवां खाप महासम्मेलन आगामी 1 मार्च को गांव अटेला में आयोजित किया जाएगा। इस बारे जानकारी देते हुए खाप के प्रतिनिधि मनजीत करोड़ा ने बताया कि यह महासम्मेलन सामाजिक एकता, परंपराओं के संरक्षण और युवाओं के मार्गदर्शन के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि सभी युवा साथियों से अपील की जाती है कि वे अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर अपने समाज के बुजुर्ग एवं अनुभवी गणमान्य व्यक्तियों से संवाद करें। सम्मेलन में समाज की परंपरा, संस्कृति, सामाजिक ताना-बाना, रिश्ते-नाते, रीति-रिवाज और पंचायती प्रणाली जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से विचार-विमर्श किया जाएगा। महासम्मेलन में विशेष रूप से शिक्षा प्रणाली को सुदृढ़ करने, दहेज मुक्त शादियों को बढ़ावा देने तथा विवाह समारोहों में शराब पर पूर्ण प्रतिबंध जैसे सामाजिक मुद्दों पर ठोस निर्णय लिए जाने की संभावना है। इसके अलावा खेती-बाड़ी, फसल नस्ल सुधार, पशुपालन,जल-जंगल-जमीन के संरक्षण, पर्यावरण संतुलन और गांव-खेड़ा की पारंपरिक व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने पर भी चर्चा होगी। मनजीत करोड़ा ने बताया कि बदलते समय में सामाजिक अनुशासन और आपसी समन्वय बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है। इसलिए यह महासम्मेलन युवाओं, बुजुर्गों और समाज के सभी वर्गों को एक मंच पर लाकर सामूहिक चिंतन का अवसर प्रदान करेगा।

---

### गांव मंडवाल में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ पर बैठक आयोजित

# समाज में बेटियों की संख्या में कमी चिंता का विषय : अनिता

बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कर रही नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

गांव मंडवाल में 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' अभियान के तहत एक जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गांव के अनेक लोगों ने भाग लेकर बेटियों की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी प्राप्त की। इस




**राजौंद।** गांव मडवाल में आयोजित कार्यक्रम में भाग शपथ लेती हुई महिलाएं।

दौरान अनिता ने कहा कि समाज में बेटियों की संख्या में कमी चिंता का विषय है। यदि बेटियों की संख्या घटती है तो सामाजिक संतुलन बिगड़ता है और अपराध की संभावनाएं बढ़ती हैं। उन्होंने सभी से भ्रूण लिंग जांच न करवाने की शपथ लेने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि यदि कोई व्यक्ति अवैध लिंग जांच में संलिप्त पाया जाता है तो इसकी सूचना तुरंत स्वास्थ्य विभाग हरियाणा को दें। सूचना देने वाले का नाम गोपनीय रखा जाएगा तथा सूचना सही पाए जाने पर सरकार द्वारा एक लाख रुपये का इनाम भी दिया जाएगा। भ्रूण लिंग जांच करवाने वालों को पांच वर्ष तक की सजा का प्रावधान है। उन्होंने ने कहा कि बेटियां किसी भी क्षेत्र में बेटों से कम नहीं हैं—चाहे शिक्षा, खेल, राजनीति या रोजगार का क्षेत्र हो। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच करवाने, समय पर टीकाकरण सुनिश्चित करने पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी।

#### टीबी लक्षणों पर लोगों को किया जागरूक

इस दौरान पुरुष स्वास्थ्य कार्यकर्ता पंकज ने टीबी के लक्षणों बारे जानकारी देते हुए बताया कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से अधिक खांसी,बलगम में खून, लगातार बुखार,वजन कम होना या रात में पसीना आना जैसे लक्षण हों तो तुरंत नजदीकी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में जांच करवाएं। टीबी का इलाज सरकार द्वारा निःशुल्क किया जाता है। उन्होंने बताया कि सरकार की 'निक्षय पोषण योजना' के तहत टीबी मरीज को एक हजार रुपये प्रदान किए जाते हैं। उच्च रक्तचाप एवं मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों के बारे में जानकारी दी।

---

## खबर संक्षेप

### कैथल में 22 को होगा विराट हिंदू सम्मेलन, सामाजिक विषयों पर होगा मंथनः छाबड़ा



**कैथल।** करनाल रोड स्थित जाट कॉलेज में अमरगढ़ कॉलोनी की आयोजन समिति द्वारा 22 फरवरी को विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी सम्मेलन के कार्यक्रम संयोजक अमरजीत छाबड़ा ने प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने बताया कि सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य समाज में एकता, जागरूकता और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि सम्मेलन का मूल संदेश "हिंदू जगेगा तो विश्व जगेगा" है। इसी भावना को केंद्र में रखते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर राणा बंसल, मनजीत, रिंकू सैनी, सतीश सोनी, केशव बंसल, रमेश सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

### पॉलीहाउस भ्रमण से छात्रों को मिली आधुनिक कृषि की व्यावहारिक जानकारी



**कैथल।** आधुनिक कृषि तकनीकों से विद्यार्थियों को परिचित कराने के उद्देश्य से आर.के.एस.डी. महाविद्यालय, कैथल की एनएसएस यूनिट 34 और 35 के स्वयंसेवकों द्वारा जसवंती गाँव में स्थित एक उन्नत पॉलीहाउस का शैक्षणिक भ्रमण आयोजित किया गया। इस भ्रमण में राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों के साथ कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अनिल जिंदल, डॉ. अनुकृति दुल एवं अनीता भी उपस्थित रहीं। भ्रमण का मुख्य उद्देश्य संरक्षित खेती की आधुनिक विधियों को निकट से समझना था। पॉलीहाउस के संचालकों सुरजीत सिंह और रवीन्द्र सिंह ने बताया कि यह पॉलीहाउस 10 एकड़ भूमि पर सुचारू रूप से संचालित किया जा रहा है। अंत में सभी विद्यार्थियों ने इस भ्रमण के लिए आयोजकों एवं किसानों का आभार व्यक्त किया।

### खेल में प्रयोग होने वाले नशे खिलाड़ी की आत्मा और ईमानदारी को करते हैं खत्मः गुरमीत सिंह

**कैथल।** अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कोच गुरमीत सिंह का नशा-मुक्त समाज का संदेश खेल केवल पदक और जीत तक सीमित नहीं है, बल्कि यह चरित्र



निर्माण, अनुशासन और स्वस्थ जीवनशैली का माध्यम भी है। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए अंतरराष्ट्रीय मुक्केबाजी कोच गुरमीत सिंह (कैथल) ने खेल जगत और समाज में बढ़ते नशीले पदार्थों व ड्रग्स के दुष्प्रभावों को लेकर सशक्त संदेश दिया और युवाओं को जागरूक करने का आह्वान किया।कोच गुरमीत सिंह ने कहा कि खेल में प्रयोग होने वाले नशीले पदार्थ और ड्रग्स न केवल खिलाड़ी के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाते हैं, बल्कि खेल की आत्मा और ईमानदारी को भी खत्म कर देते हैं। डोपिंग के कारण खिलाड़ी अल्पकालिक लाभ तो पा सकते हैं, लेकिन लंबे समय में यह उनके शरीर, मानसिक संतुलन और करियर तीनों को बर्बाद कर देता है उन्होंने जोर देकर कहा कि आज समाज, विशेषकर युवा वर्ग, नशे की चपेट में तेजी से आ रहा है, जो बेहद चिंताजनक है। ऐसे में खिलाड़ियों और कोचों की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों के लिए प्रेरणा बनें।

### शिविर में आने वाली शिकायतों पर गंभीरता से काम करें अधिकारी : एडीसी

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने कहा कि समाधान शिविर, सोशल मीडिया ग्रीवांस पोर्टल, सीएम विंडों पर आने वाली शिकायतों का निपटान प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध किया जाए। इन समस्याओं के समाधान पर गंभीरता से कार्य करें और इन्हें अधिक समय के लिए लंबित न रखा जाए। आमजन की समस्याओं का समाधान करना हम सबका दायित्व है और इसे संबंधित विभागों के अधिकारी अच्छे से निभाएं।

एडीसी डॉ. सुशील कुमार शुक्रवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में समाधान शिविर तथा अन्य विभिन्न पोर्टलों के माध्यम से प्राप्त होने वाली शिकायतों की समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। एडीसी ने पोर्टल पर आई शिकायत के अंतर्गत विभाग अनुसार फीडबैक ली, जिसमें जन स्वास्थ्य विभाग, बिजली विभाग, हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण, नगर परिषद, जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, पुलिस विभाग, जिला परिषद, समाज कल्याण विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग आदि शामिल रहे। एडीसी ने कहा किये समाधान शिविर केवल औपचारिकताएं नहीं है, बल्कि आमजन की समस्याओं के प्रभावी निराकरण का माध्यम है।

**ग्राम पंचायत पौंकरी खेड़ी-सिरसा खेड़ी**
**खण्ड व जिला जींद (हरियाणा)**

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गांव पौंकरी खेड़ी में दिनांक 27.02.2026 को सामान्य चौपाल में प्रातः 09:30 बजे सरेआम काला वाला तालाब (4Acre), ताना वाला तालाब (1 Acre) व दखलु वाला तालाबों की बोली 5 वर्ष हेतू पट्टे पर मछलीपालन के लिए ग्राम पंचायत द्वारा करवाई जाएगी। जिसकी नियम व शर्तें मौके पर सुनाई जाएगी। जमानत राशि 25000/-रू ली जाएगी।

ग्राम सचिव
स्वीटी
मो. 8708198842

सरपंच
राजकुमार
ग्राम पंचायत-पौंकरी खेड़ी
मो. 9466612428

## खबर संक्षेप

### विकसित उचाना के सपने को पूरा करेगी रैली : सुरेंद्र

**उचाना।** मार्केट कमेटी चेयरमैन सुरेंद्र खरकभूरा ने कहा कि उचाना में विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री की अगुवाई में उचाना विकास रैली विकसित उचाना के सपने को पूरा करेंगी। सीएम नायब सिंह सैनी ने 103 करोड़ से अधिक योजनाओं की सौगात उदघाटन, शिलान्यास करके दी तो 200 करोड़ से अधिक विकास के कामों की घोषणा की। सीएम की जनसभा में बांगर की धरती पर उमड़ा जनसैलाब यह साबित कर रहा है कि अब उचाना ठहराव नहीं विकास चाहता है।

### विभाग, उपक्रम सरकारी बैंकों में ही खाते खोलें

**कैथल।** एलडीएम सुमन कुमार ने बताया कि वित्त विभाग हरियाणा सरकार ने निर्देश जारी किए गए हैं कि हरियाणा के सभी विभाग, अनुभाग, उपक्रम, निगम अपने सभी प्रोजेक्ट/ स्कीम इत्यादि के खाते केवल सरकारी बैंकों में ही खोल सकते हैं तथा इस प्रोसेस को फॉलो किए बिना खोला गया कोई भी बैंक अकाउंट तुरंत बंद कर दिया जाएगा। ऐसे मामलों में जहाँ कोई डिपार्टमेंट/ ऑर्गनाइज़ेशन किसी कॉर्पोरेट/ प्राइवेट सेक्टर बैंक में बैंक अकाउंट खोलने का प्रपोज़ल रखता है, वहां फाइनेंस डिपार्टमेंट से पहले से मंज़ूरी लेना ज़रूरी होगा।

### संजय चहल को मिला सीएम सैनी का बुलावा

**उचाना।** भाजपा कसूहन मंडल के अध्यक्ष संजय चहल ने बीते दिनों हुई उचाना विकास रैली में सीएम नायब सैनी को किसानों के प्रतीक के रूप में गेहूं की बालियों से बने बुक्के से सीएम का स्वागत किया। 24 फसलों पर एमएसपी की खरीद पर प्रदेश के मुखिया का आभार प्रकट किया। प्रदेश की पहली देशभगत किसान चौपाल का उचाना हलके के बधाना गांव में सफलता पूर्वक आयोजन पर सीएम ने बधाई देते हुए चंडीगढ़ आने का बुलावा भी संजय चहल को दिया।

### देवेंद्र अत्री बने कोर्फबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन

**उचाना।** भाजपा विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कोर्फबॉल एसोसिएशन के चेयरमैन बने। विधायक ने कोर्फबॉल फैडरेशन ऑफ इंडिया एवं हरियाणा ओलंपिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन जवसिंद्र बैनीवाल का आभार प्रकट किया। एसोसिएशन की जो नई कार्यकारिणी बनी है उनको भी शुभकामनाएं दी। विधायक ने कहा कि ईमानदारी से प्रतिभावान खिलाडियों को एक नया प्लेटफार्म देकर पारदर्शिता के साथ कार्य करेंगे। कोर्फबॉल खेल में प्रदेश के खिलाड़ी देश, प्रदेश का नाम रोशन करेंगे। हरियाणा सरकार खेलों को बढ़ावा दे रही है।

### अवैध खनन को लेकर सख्त कार्रवाई करें

**कैथल।** एडीसी डॉ. सुशील कुमार ने खनन गतिविधियों की समीक्षा बैठक लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में अवैध खनन पर रोक, पर्यावरण मानकों की पालना तथा ओवरलोडिंग पर विशेष रूप से चर्चा की गई। एडीसी ने कहा कि जिले में किसी भी प्रकार का अवैध खनन नहीं होना चाहिए।

### मानसिक स्वास्थ्य जीवन का अहम पहलू : पिंकी

**जींद।** हिंदू कन्या महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति द्वारा व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या डा. पूनम मोर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की मुख्या वक्ता मानसिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा समिति के नोडल अधिकारी डा. पिंकी ने छात्राओं को बताया कि मानसिक स्वास्थ्य हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है और हमें इसके प्रति जागरूक रहना चाहिए तथा छात्राओं को अपने जीवन में योग, ध्यान तथा सकारात्मक सोच अपनाने को कहा।

### लोक अदालत के लिए हेल्प डेस्क स्थापित

**जींद।** 14 मार्च को जींद नरवाना व सफीदों न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा व प्रत्येक कार्य दिवस को स्पेशल प्री लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अदालत के सफल संचालन के लिए जिला न्यायालय परिसर में हेल्प डेस्क स्थापित की गई है।

---

वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने को लेकर कार्यक्रम जारी

# दो सरपंचों, 22 पंचों के रिक्त पदों के लिए होंगे उपचुनाव

■ नौ मार्च तक प्रस्तुत किए जा सकेंगे दावे व आपत्तियां, 27 मार्च को मतदाता सूची का होगा अंतिम प्रकाशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद इमरान रजा।

उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि हरियाणा राज्य चुनाव आयोग द्वारा हरियाणा पंचायती राज अधिनियम 1994 तथा हरियाणा पंचायती राज निर्वाचन नियम 1994 के प्रावधानों के तहत ग्राम पंचायतों, पंचायत समितियों एवं सरपंचध्पंच पदों के उपचुनाव के लिए वार्ड वार मतदाता सूचियों के प्रकाशन के लिए कार्यक्रम जारी किया गया है। जिला के दो सरपंचों, एक और 22 पंचों के रिक्त पदों के लिए उपचुनाव करवाए जाएंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि संबंधित ग्राम पंचायतों की वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की मतदाता सूची के आधार पर तैयार की जाएगी। कोई भी व्यक्ति अपना नाम ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में शामिल करवाने से पूर्व संबंधित विधानसभा क्षेत्र की निर्वाचक नामावली में अपना नाम दर्ज करवा सकता है। जारी कार्यक्रम के अनुसार वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची तैयार करने के लिए संबंधित क्षेत्रों के निर्वाचकों का वितरण कार्य 28 फरवरी तक किया जाएगा। इसके उपरांत ग्राम पंचायतों की वार्डवार प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन दो मार्च 2026 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि प्रारूप मतदाता सूची के संबंध में दावे एवं आपत्तियां प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि नौ मार्च 2026 निर्धारित की गई है। जबकि प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निपटान 12 मार्च तक किया जाएगा। दावों एवं आपत्तियों के निपटारे के विरुद्ध 16 मार्च 2026 तक उपायुक्त कम जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) के समक्ष अपील दायर की जा सकेगी। जिनका निपटान 19 मार्च तक किया जाएगा। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 27 मार्च को किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला जींद के विभिन्न खंडों के ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायतों के रिक्त सरपंच एवं पंच पदों के लिए उपचुनाव आयोजित किए जाएंगे। ब्लॉक जींद की ग्राम पंचायत चाबरी में सरपंच पद हेतु विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 60 निर्धारित किया गया है। ग्राम पंचायत मनोहरपुर के वार्ड नंबर छह में पंच पद के लिए विधानसभा क्षेत्र संख्या 36 के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 35 से 37 निर्धारित किए गए हैं। ग्राम पंचायत ललित खेड़ा के वार्ड नंबर चार में पंच पद हेतु विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 61 निर्धारित किया गया है। पंचायत राजपुरा के वार्ड नंबर सात में पंच पद के लिए विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या तीन से छह निर्धारित किए गए हैं। ग्राम पंचायत ईक्कस के वार्ड नंबर तीन में पंच पद हेतु विधानसभा क्षेत्र संख्या 36 के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 191 एवं 192 निर्धारित किए गए हैं। ग्राम पंचायत करमगढ़ के वार्ड नंबर दो में पंच पद के लिए विधानसभा क्षेत्र संख्या 34 के अंतर्गत मतदान केंद्र संख्या 21 निर्धारित किया है। इसी प्रकार ब्लॉक उचाना में ग्राम पंचायत करसिंधु के वार्ड नंबर 16 में पंच पद के लिए विधानसभा क्षेत्र संख्या 37 के तहत मतदान केंद्र संख्या 42 से 49 निर्धारित किए गए हैं।

### मतदाता सूची के लिए शेड्यूल जारी

*कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी अपराजिता ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने मतदाता सूची तैयार करने के लिए शेड्यूल जारी किया है। आगामी 27 मार्च तक मतदाता सूची तैयार की जाएगी। कैथल जिले के सीवन खंड के पोलड व गोविंदपुरा में नव गठित पंचायतों में चुनाव और जिला में रिक्त हुए पदों पर पंच और सरपंचों के उपचुनाव होंगे। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची को तैयार करने के लिए विस्तृत कार्यक्रम तय कर दिया है। मतदाता सूची का वार्डवार ड्राफ्ट 28 फरवरी तक तैयार करना होगा। ग्राम पंचायतों के सभी वार्डों की वार्डवार दावे-आपत्तियों को दो मार्च तक लिया जाएगा। जिला निर्वाचक अधिकारी को 9 मार्च तक दावे एवं आपत्तियां दिए जा सकते है। इसके बाद आगामी 12 मार्च तक दावे-आपत्तियों का निपटारा किया जाएगा और 16 मार्च तक जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष अपील दायर कर सकेंगे। फिर 19 मार्च तक अपील का निपटारा किया जाएगा। इसके बाद 27 मार्च को फाइनल मतदाता सूची जारी की जाएगी।*

---

# पेयजल व स्वास्थ्य सुविधा के दावे की हवा निकली : रणदीप



जींद। बजट को लेकर बातचीत करते हुए रणदीप सुरजेवाला।

■ जिला योजना बजट का दो तिहाई पैसा खर्च ही नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज. नरवाना

कांग्रेस राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला ने आज नरवाना स्थित अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि हरियाणा भाजपा सरकार की नाकामी से प्रदेश में स्थानीय स्तर पर बुनियादी जरूरतों और आधारभूत ढांचे के निर्माण के लिए आवंटित जिला योजना बजट का दो तिहाई पैसा खर्च ही नहीं हुआ है।

वर्ष 2025-26 के जिला योजना बजट के लिए आवंटित कुल 400 करोड़ रुपये में से 15 फरवरी तक मात्र 34.27 प्रतिशत राशि ही खर्च हो सकी है। हरियाणा में तरक्की और रोजगार का ग्रोथ इंजन कहे जाने वाले गुरुग्राम को भाजपा ने इस मामले में सबसे फिसड्डी बना दिया है। जबकि यहां तो बीजेपी की ट्रिप्पल इंजन सरकार है। अंबाला, चरखी दादरी, हिसार, झज्जर, जींद, कैथल, करनाल, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, नूंह, पलवल, पंचकूला, पानीपत, रेवाड़ी, सिरसा और यमुनानगर सहित अधिकतर जिलों में बजट का आधा भी खर्च नहीं हुआ है। दरअसल डी प्लान बजट का पैसा स्थानीय स्तर पर सड़क स्कूल, चौपाल, आंगनवाड़ी, गली, नाली, खेतों के रास्ते, वाटर वर्क्स जैसे बुनियादी चीजों के निर्माण और मरम्मत पर खर्च करना होता है। मगर भाजपा के नकारेपन के चरमकाल में हर तरफ बदहाली पसरी है और खामियाजा लगातार जनता को भुगतना पड़ रहा है। रणदीप सुरजेवाला में कहा कि प्रदेश में स्वास्थ्य सुविधाओं का बहुत बुरा हाल है। भाजपा सरकार द्वारा हरियाणा की जनता को पेयजल और स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने का दावा हवा हवाई साबित हो रहा है।

---

# एक सप्ताह में होगा जिला बार प्रधान का फैसला

■ शुरू हुई चुनावी गहमागहमी, नामांकन प्रक्रिया शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। नामांकन दाखिल करते हुए अधिवक्ता।

जिला बार एसोसिएशन का चुनाव 27 फरवरी को होने जा रहा है। चुनावी कार्यक्रम की घोषणा होते ही जींद जिला बार परिसर में चुनावी गहमागहमी शुरू हो गई है। पहली बार जिला बार एसोसिएशन के चुनावों का इतना छोटा कार्यक्रम जारी हुआ है। इससे अब आने वाले चंद दिनों में ही प्रत्याशियों को अपनी जीत सुनिश्चित करने में रात-दिन एक करना होगा। नामांकन प्रक्रिया शुरू हो गई है। बार एसोसिएशन चुनावों के निर्वाचन अधिकारी दलबीर शर्मा ने बताया कि शुक्रवार से नामांकन प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। शुक्रवार को प्रधान पद के लिएअरविंद लाठर और उपप्रधान पद के लिए संदीप पाहवा ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए। शनिवार तक नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। रविवार को नामांकन पत्रों की जांच होगी। सोमवार को नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। उसी दिन सभी पदों के लिए उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। उसके बाद बाद जो उम्मीदवार मैदान में रहेंगे, उनकी किस्मत का फैसला 27 फरवरी को होगा। जिला बार एसोसिएशन के कुल 1499 सदस्य हैं। यह सदस्य 27 फरवरी को उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला करेंगे।

### पहली बार इतना छोटा कार्यक्रम

जिला बार एसोसिएशन चुनावों के लिए पहली बार इतना छोटा कार्यक्रम जारी हुआ है। इससे पहले जिला बार एसोसिएशन के चुनावों की प्रक्रिया लगभग 15 दिन की होती थी। इस बार चुनावी प्रक्रिया एक सप्ताह में पूरी की जाएगी। चुनावों के लिए महज एक सप्ताह का समय होने के कारण शुक्रवार से ही जिला बार एसोसिएशन में चुनावी गहमागहमी शुरू हो गई। बार एसोसिएशन परिसर में शुक्रवार को जगह-जगह वकील 27 फरवरी के चुनावों को लेकर चर्चा करने से लेकर वोट मांगने में जुटे नजर आए। निर्वाचन अधिकारी दलबीर शर्मा के अनुसार शुक्रवार को पहले दिन वकीलों ने नामांकन पत्र दाखिल किया।

---

इनेलो ने मनाया विजय दिवस

# कृष्ण बेदी बड़बोले आदमी भ्रष्टाचार में नंबर वन : रेढू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद




जींद। पत्रकारों से बातचीत करते हुए इनेलो जिलाध्यक्ष बिजेंद्र रेढू।

इनेलो जिलाध्यक्ष एवं प्रदेश प्रवक्ता बिजेंद्र रेढू ने कहा कि कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी बडबोले आदमी हैं। बड़े-बड़े बोल बोलना शुरू से ही इनकी आदत रही है। वर्ष 2017 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर भी इन्होंने कहा था कि उन्होंने हमें झाड़ू पकडवा दी, क्या हम सफाई करेंगे। अब यह मंत्री बन गए हैं और नरवाना हलके में विकास को लेकर कुछ नही कर रहे हैं।

इनेलो जिलाध्यक्ष बिजेंद्र रेढ़ू शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि आज हरियाणा प्रदेश में भ्रष्टाचार में नंबर वन कृष्ण बेदी हैं। नरवाना हलके के सरपंचों को इक_ा कर देखा जाए तो भ्रष्टाचार सबके सामने आ जाएगा। उन्होंने कहा कि चौधरी देवीलाल के मुकाबले में आज हरियाणा प्रदेश में कोई परिवार नही है। देवीलाल परिवार ने प्रदेश को 250 एमएलए और एमपी भी दिए हों। इसके अलावा ओमप्रकाश चौटाला भी हरियाणा प्रदेश के पांच बार मुख्यमंत्री रहे हैं। उस परिवार के साथ कृष्ण बेदी द्वारा अपनी तुलना करने का प्रयास कर चाह रहे हैं कि वो किसी तरह सुर्खियों में आ जाएं। शुरू से ही भारतीय जनता पार्टी की नीति है कि फूट डालो और राजनीति करो।

---

# कर्मचारियों की समस्याएं उठाई

■ एचएसईबी वर्कर्स यूनियन की गेट मीटिंग आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद



राजौंद । मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए कर्मचारी

एचएसईबी वर्कर्स यूनियन द्वारा सुबह 9 बजे से 11 बजे तक दो घंटे की गेट मीटिंग का आयोजन किया गया। यह गेट मीटिंग यूनियन के पदाधिकारियों के नेतृत्व में संपन्न हुई, जिसमें बिजली निगम के कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मीटिंग के दौरान कर्मचारियों ने विभाग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। वक्ताओं ने कहा कि कर्मचारियों की लंबित मांगों का शीघ्र समाधान किया जाए तथा एचकेआरएन के तहत कार्यरत कर्मचारियों के मुद्दों पर भी गंभीरता से विचार किया जाए। उन्होंने नियमितीकरण, वेतन विसंगतियों और सेवा सुरक्षा जैसे विषयों को प्रमुखता से उठाया। यूनियन नेताओं ने कहा कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान समय रहते नहीं किया गया तो आगामी दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों के हितों की अनदेखी न करने की अपील की। यूनियन के कई पदाधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में कर्मचारियों की एकजुटता पर जोर देते हुए मीटिंग का समापन किया।

---

# कराटे में सिमरन व जस्मीन ने जीते स्वर्ण पदक

■ कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की कराटे चैंपियनशिप संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पुण्डरी



पुण्डरी। विजेता छात्राओं के साथ प्राचार्या डॉ. शकुंतला।

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतर महाविद्यालय कराटे चैंपियनशिप में चौधरी ईश्वर सिंह कन्या महाविद्यालय पूंडरी की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर संस्थान का नाम रोशन किया। प्रतियोगिता में सिमरन सैनी और जस्मीन ने अपने-अपने भार वर्ग में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. प्रेमलता ने बताया कि प्रतियोगिता में सिमरन सैनी ने 45 किलोग्राम भार वर्ग तथा जस्मीन ने 61 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल कर महाविद्यालय को गौरवान्वित किया। प्राचार्य डॉ. शंकुतला ने विजेता छात्राओं को बधाई देते हुए कहा कि सिमरन और जस्मीन की यह जीत पूरे कॉलेज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने दोनों छात्राओं को आगामी ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी स्तर की प्रतियोगिता में भी सफलता प्राप्त करने के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कड़ी मेहनत और जज्बे से यह मुकाम हासिल किया

महाविद्यालय के प्रधान चौधरी तेजवीर सिंह ने इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इन बेटियों ने अपनी कड़ी मेहनत, अनुशासन और जज्बे से यह मुकाम हासिल किया है। खेल जीवन में अनुशासन और एकाग्रता सिखाते हैं और हमारी छात्राओं ने यह साबित कर दिया है कि वे किसी भी स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। इस अवसर पर प्रिंसिपल डॉ. शंकुतला, डॉ. प्रेमलता, कराटे कोच विकास, पिंकी देवी सहित अन्य शिक्षकों व स्टाफ सदस्यों ने विजेता खिलाड़ियों को बधाई दी।

---

गांवों में चलाया जल संरक्षण व स्वच्छता अभियान

# जल संरक्षण में छात्रों का योगदान : मताना

■ पेयजल जांच, लीकेज व अस्वच्छ कनैक्शन पर दिया जा रहा जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



जींद। पानी में क्लोरिन की जांच करते हुए।

जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि जल संरक्षण व स्वच्छता अभियान को कारगर करने में विद्यार्थियों का अहम योगदान हैं। मताना शुक्रवार को गांव लुदाना के राजकीय प्राथमिक पाठशाला में विद्याार्थियों व आंगनवाडी वर्कर को संबोधित कर रहे थे।

इससे पूर्व उन्होंने विभाग की संयुक्त टीम खंड समन्वयक सुरेंद्र दुग्गल व कर्मचारियों के साथ जलघर का निरीक्षण किया और पेयजल के सैंपल चैक किए। इसके बाद गांव में घर-घर जाकर ग्रामीणों को ऑनलाइन पेयजल बिल भरने के लिए जागरूक किया। जिला सलाहकार रणधीर मताना ने कहा कि विद्याार्थियों को पेयजल संरक्षण में अहम योगदान देना चाहिए। इसके लिए नलों पर टेप लगानी चाहिए। जितने पानी की जरूरत हो उतना पानी लेकर टुंटी को बंद कर देना चाहिए। टुंटी के नीचे हमेशा बाल्टी या टब रखा रहना चाहिए ताकि पानी को एकत्रित करके कार्य में लिया जा सके। नहाने, कपड़े धोने, गाड़ी धोने व पशुओं को नहलाने के लिए नल से सीधी पाइप लगाने की बजाय बाल्टी को उपयोग करना चाहिए। इस मौके पर सुरेंद्र दुग्गल ने विद्यार्थियों को स्वच्छता के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि खाना खाने से पूर्व हाथों को साबुन से अच्छी तरह धोना चाहिए। बच्चों को प्रतिदिन नहा कर व साफ- सुथरे कपड़े पहन कर स्कूल आना चाहिए। इस मौके पर पेयजल सप्लाई चलवा कर स्कूल में आने वाले पानी में क्लोरिन चैक की गई ताकि पेयजल की शुद्धता का पता चल सके।

इससे पूर्व घर-घर जाकर पेयजल की आपूर्ति चैक की और पेयजल के सैंपल लिए। लोगों को पेयजल बिल भरने के लिए जागरूक करते हुए ऑनलाइन बिल भरने की विधि बताई। इसके बाद टीम ने जलघर पहुंच कर पेयजल आपूर्ति में क्लोरिनेशन की जांच की। इस मौके पर स्कूल मुख्याध्यापक सहित स्कूल स्टाफ, आंगनवाड़ी वर्कर व विद्यार्थी उपस्थित रहे।

---

### पूंडरी ट्रक यूनियन में सीसी प्लेटफॉर्म निर्माण का निरीक्षण किया

**पुण्डरी।** पूंडरी बस स्टैंड के समीप ट्रक यूनियन परिसर में एचएसवीपी की मार्केट में बन रहे लगभग 1 करोड़ रुपए की लागत से सीसी प्लेटफॉर्म के निर्माण कार्य का गुरुवार को विधायक सतपाल जांबा के प्रतिनिधि एवं सरपंच लाभ सिंह जांबा ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में प्रयुक्त की जा रही सामग्री की बारीकी से जांच की और कार्य की गुणवत्ता को परखा। निरीक्षण के दौरान सरपंच लाभ सिंह जांबा ने संबंधित अधिकारियों व ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए कि निर्माण कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि विधायक सतपाल जांबा की प्राथमिकता पूंडरी क्षेत्र का समग्र विकास कराना है और इसी उद्देश्य से सभी विकास कार्यों की सतत निगरानी की जा रही है। उन्होंने दो टूक कहा कि किसी भी कार्य में किसी भी प्रकार का भ्रष्टाचार सहन नहीं किया जाएगा।

---

# होलाष्टक 24 फरवरी से होगा शुरू : सुदेश शर्मा

■ भारतीय ज्ञान परंपरा और होलाष्टक पर शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



भारतीय ज्ञान परंपरा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु समर्पित शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन की संस्थापक एवं अध्यक्ष सुदेश शर्मा ने आगामी होलाष्टक पर्व को लेकर समाज के लिए एक महत्वपूर्ण जानकारी सांझा की है। सुदेश शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 24 फरवरी से होलाष्टक का आरंभ हो रहा है, जो तीन मार्च को होलिका दहन के साथ संपन्न होगा।

संस्था की अध्यक्ष सुदेश शर्मा के अनुसार हमारी प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपरा केवल मान्यताओं पर नही बल्कि ग्रहों की स्थिति और प्रकृति के गहरे विज्ञान पर आधारित है। फाल्गुन शुक्ल अष्टमी से पूर्णिमा तक का समय ऊर्जा के परिवर्तन का काल होता है। इन आठ दिनों में ग्रहों का स्वभाव उग्र रहने के कारण मानवीय निर्णय प्रभावित हो सकते हैं। इसीलिए हमारे ऋषियों ने इस अवधि में मांगलिक कार्यों को वर्जित कर आत्ममंथन और आध्यात्मिक शुद्धि का विधान बनाया है।

शक्ति राइज ग्लोबल फाउंडेशन के मुख्य कार्य भारतीय प्राचीन भारतीय मूल्यों, वेदों और उपनिषदों के वैज्ञानिक पक्ष को आधुनिक पीढ़ी तक पहुंचाना, सनातन संस्कृति के पर्वों और परंपराओं के वास्तविक महत्व के प्रति जन जागरूकता फैलाना, युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कारों के साथ-साथ आधुनिक कौशल से जोडऩा, सामाजिक सेवारू समाज के वंचित वर्गों की सहायता और नैतिक शिक्षा के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देना है।